आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 08.06.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– सरकार साहित्य और संस्कृति के संरक्षण व प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्ध है।
- प्रदेश में चारधाम यात्रा सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित रूप से जारी। अबतक 21 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चारों धामों के दर्शन किए।
- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने पर्यटकों से अल्मोड़ा की दिव्यता को महसूस करने तथा इसके आध्यात्मिक और पौराणिक महत्व को जानने की अपील की।
- और... विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिकों ने अल्मोड़ा के 21 गांवों के किसानों से संवाद स्थापित कर उन्हें मुख्य खरीफ फसलों के बारे में जानकारी दी।

कवि सम्मेलन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश सरकार साहित्य और संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। देहरादून में आयोजित कवि सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री धामी ने कहा कि सरकार ने 'उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान' के माध्यम से राज्य में उत्कृष्ट साहित्यकारों को सम्मानित करने का कार्य शुरू किया है। इसके साथ ही साहित्यकारों को विभिन्न भाषाओं में पुस्तकें प्रकाशित करने के लिए 'आर्थिक सहायता योजना' के तहत अनुदान भी प्रदान किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश के उत्कृष्ट साहित्यकारों को 'साहित्य भूषण' और 'लाइफ टाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से भी सम्मानित करने का कार्य कर रही है। जिसके अंतर्गत हाल ही में पाँच–पाँच लाख रुपये की सम्मान राशि प्रदान करने की घोषणा की गई। श्री धामी ने कहा कि सरकार युवा पीढ़ी को भी साहित्य के प्रति आकर्षित करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है, ताकि वे अपनी सांस्कृतिक और साहित्यिक धरोहर से जुड़ सकें और उसे आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें।

..............................................................

चारधाम यात्रा

प्रदेश में चारधाम यात्रा सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित रूप से संचालित हो रही है। श्रद्धालु श्रद्धा भाव के साथ कतारबद्ध होकर सहजता से दर्शन कर रहे है। अबतक 21 लाख से अधिक तीर्थयात्री चारों धामों की यात्रा कर चुके हैं। सर्वाधिक श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए हैं।

सरकार ने चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यात्रा मार्गों और मंदिर परिसर में पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य सुविधाएं, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए विशेष व्यवस्था की है। यात्रा मार्गों पर श्रद्धालुओं के अस्वस्थ होने पर उन्हें निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी क्रम में गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में आने वाले श्रद्धालुओं ने निशुल्क चिकित्सा सुविधा मिलने पर सरकार का आभार जताया।

गाजियाबाद से श्री केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम यात्रा पर आए श्रद्धालुओं ने अपने अनुभव साझा किए तथा सरकार का आभार जताते हुए कहा कि व्यवस्थाएं पहले से बेहतर हैं।

.............................................................

## राज्यपाल अल्मोड़ा भ्रमण

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने अपने तीन दिवसीय अल्मोड़ा दौरे के दूसरे दिन प्रसिद्ध कसार देवी मंदिर में पूजा–अर्चना की और समस्त मानव जाति के कल्याण की कामना की। पत्रकारों से बातचीत में राज्यपाल ने कहा कि कसार देवी के दर्शन करने से एक अलग तरह की शांति और सुकून मिलता है। उन्होंने कहा कि यह स्थान अलौकिक है और लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। राज्यपाल ने देश–विदेश से आने वाले पर्यटकों से अल्मोड़ा की दिव्यता को महसूस करने और इस क्षेत्र के आध्यात्मिक व पौराणिक महत्व को जानने की अपील की।

.............................................................

## सरकार के 11 साल

देश में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित एक दशक में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। आकाशवाणी समाचार पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष प्रसारण लेकर आया है। इस श्रृंखला में आज प्रस्तुत है पर्यावरण सरंक्षण और विकास पर केन्द्रित यह विशेष रिपोर्ट...

पिछले दस सालों में, भारत का मिडिल क्लास देश के विकास की यात्रा के केंद्र में रहा है। उनकी उम्मीदों को सिर्फ़ सुना ही नहीं गया, बल्कि उस पर ठोस कदम भी उठाए गए हैं। सरकार ने टैक्स सुधार, टैक्स में छूट, सामाजिक सुरक्षा और कौशल विकास के ज़रिए मिडिल क्लास को सशक्त बनाने का प्रयास किया है। नई टैक्स व्यवस्था में अब 12 लाख रुपये तक की आमदनी टैक्स–मुक्त कर दी गई है। पहले से भरे हुए इनकम टैक्स रिटर्न और फेसलैस मूल्यांकन प्रणाली ने टैक्स भरने की प्रक्रिया को तेज़, आसान और पारदर्शी बना दिया है। यूनिफाइड पेंशन स्कीम (न्ै) के अंतर्गत 25 साल की सेवा वाले सरकारी कर्मचारियों को उनके औसत मूल वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में सुनिश्चित किया गया है। वहीं, पिछले 10 सालों में महंगाई की दर औसतन 5 प्रतिशत रही है जो कि इससे पहले के 10 सालों में 8 दशमलव दो प्रतिशत थी। कौशल विकास के क्षेत्र में बड़े बदलाव हुए हैं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत एक करोड़ 63 लाख से ज्यादा युवाओं को उद्योगों से जुड़ी ट्रेनिंग दी गई है। राष्ट्रीय अप्रेंटिस संवर्धन योजना के तहत 2016 से अब तक 40 लाख से अधिक अप्रेंटिस को उद्योगों में काम दिलाया गया है। 2014 में जहां लगभग नौ हजार नौ सौ आईटीआई थे वहीं 2024 तक इनकी संख्या बढ़कर 14 हजार छह सौ से ज्यादा हो गई है। सरकार के इन सभी प्रयासों ने मिडिल क्लास को असली ताकत दी है।

.................................................................

<u>विकसित कृषि संकल्प अभियान</u>

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिक व विशेषज्ञ प्रदेश के विभिन्न गांवों में किसानों से संवाद कर उन्हें आधुनिक कृषि की जानकारी दे रहे हैं। पेश है एक रिपोर्ट———

अभियान के तहत विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने अल्मोड़ा के हवालबाग, ताड़ीखेत व भिकियासैंण विकासखंडों के 21 गांवों के 421 किसानों से संवाद स्थापित कर उन्हें प्रमुख खरीफ फसलों की जानकारी दी, जिसमें मिर्च, मंडुआ, कुल्थ, अदरक, हल्दी की उन्नत खेती व कुरमुला की रोकथाम संबंधी तकनीक शामिल रही। कृषि वैज्ञानिक डॉ. महेंद्र भिंडा ने किसानों को छिटकवां की तुलना में पंक्तियों में बुवाई के फायदे बताए। संवाद के दौरान किसानों ने कहा कि अगर उन्हें अच्छे बीजों की उपलब्धता, उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी व सही समय पर उचित मार्गदर्शन मिले तो उनकी आजीविका सुदृढ़ होगी। इस दौरान पाली गांव के किसानों ने विशेषज्ञों को जल संकट व सफेद भृंग, बंदरों व जंगली सूअरों से फसलों को हो रहे नुकसान के बारे में बताया और बाड़बंदी कराने का अनुरोध किया।

.................................................................

<u>प्लास्टिक उन्मूलन अभियान</u>

प्रदेश की नदियों, यात्रा मार्गों, धार्मिक पर्यटक स्थलों और ट्रैकों को स्वच्छ व प्लास्टिक मुक्त रखने के लिए विभिन्न संगठन लगातार स्वच्छता अभियान चला रहे हैं। इसी क्रम में उत्तरकाशी जिले में अतुल्य गंगा ट्रस्ट ने सेना और युवाओं के साथ हर्षिल से गंगोत्री धाम तक प्लास्टिक उन्मूलन अभियान चलाया। इस दौरान एकत्र प्लास्टिक को निपटान के लिए भेजा गया। साथ ही स्थानीय लोगों और पर्यटकों को गंगा स्वच्छता और प्लास्टिक उन्मूलन के लिए प्रेरित किया गया।

.................................................................